GS UNIVERSITY
GS AYURVEDA
MEDICAL COLLEGE
& HOSPITAL
Bharat
Environment
Program /
Sustainable Campus
जीएस यूनिवर्सिटी एवं जीएस आयुर्वेद
मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को
"प्लैटिनम सस्टेनेबल
कैंपस पार्टनर"
सम्मान प्राप्त
PLATINUM
SUSTAINABLE
CAMPUS
PARTNER
पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकास
में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित
GS UNIVERSITY
Green Campus
Initiative
Environmental
Protection
Sustainable
Development
Goals
Tree Plantation
& Clean Campus
Eco-Friendly
Healthcare
Education
GS Ayurveda Medical College & Hospital, Pilkhuwa, Hapur (U.P.)

जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज व यूनिवर्सिटी को प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर सम्मान प्राप्त

बुलन्द संदेश ब्यूरो

हापुड़/पिलखुवा। जी.एस. यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर सम्मान प्राप्त किया है।

यह सम्मान रिचर्स हाईटस फाउंडेशन द्वारा आयोजित भारत एनवायरनमेंट प्रोग्राम-केम्पस इम्पेक्ट समिट एंड अवार्ड 2026 के अंतर्गत प्रदान किया गया। संस्थान को यह सम्मान परिसर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, हरित पहल, जल संरक्षण एवं सतत विकास से संबंधित उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

जीएस आयुर्वेद मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल के द्रवयगुण विभाग द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान,प्लास्टिक मुक्त परिसर, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम तथा पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का सफल संचालन किया जाता रहा है। संस्थान के प्रबंधन एवं अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेगी तथा विद्यार्थियों एवं समाज को हरित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

दैनिक
जर्नी ऑफ सक्सैस
गाजियाबाद से प्रकाशित एवं दिल्ली, लखनऊ, हापुड़, मेरठ, नोएडा, बुलंदशहर, शामली, बड़ौत, बागपत में प्रसारित
जोश सच का...

वर्ष: 13 | अंक: 20 | journeyofsucces@gmail.com | गाजियाबाद, शुक्रवार 15 मई- 2026 | RNI. No. UPHIN/2013/53934 | पेज-8 | मूल्य : ₹3

पर्यावरण संरक्षण में जीएस यूनिवर्सिटी का बड़ा सम्मान

आयुर्वेद कॉलेज को मिला 'प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर' अवार्ड

जर्नी ऑफ सक्सैस

हापुड़। पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए जी.एस. यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित जी.एस. आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल ने एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम की है। संस्थान को 'प्लैटिनम सस्टेनेबल कैंपस पार्टनर' सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान रिसर्च हाइट्स फाउंडेशन (RHF) द्वारा आयोजित 'सस्टेनेबल कैंपस इम्पैक्ट समिट एंड अवाड्र्स-2026' कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।

संस्थान को यह सम्मान पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर विकास, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण और सतत विकास से जुड़े उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। जीएस आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के द्रव्यगुण विभाग द्वारा समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान, प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान, स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का संचालन किया जाता रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव संस्थान परिसर और विद्यार्थियों में देखने को मिला। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि को पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि जीएस यूनिवर्सिटी भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती के साथ आगे बढ़ाती रहेगी। साथ ही विद्यार्थियों और समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं हरित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करती रहेगी। सम्मान मिलने के बाद विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में उत्साह और खुशी का माहौल है।

संस्थान से जुड़े लोगों ने इसे टीमवर्क और पर्यावरण के प्रति समर्पण का परिणाम बताया।